## सेक्रेड हार्ट स्कूल हादसे पर उठ रहे कई सवाल

# वेंटिलेटर पर है आराध्या, बॉडी में मल्टीपल फ्रैक्चर स्थिति गंभीर, हर एंगल से पुलिस कर रही जांच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के हुलहुंडू में स्थित प्रसिद्ध स्कूल सेक्रेड हार्ट की छत से गिरने की वजह से 11 साल की बच्ची आराध्या कृष बुरी तरह से घायल हो गई। घायल होने के बाद आनन-फानन में बच्ची को पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बच्ची की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बच्ची की स्थिति के बारे में बताते हुए पारस हॉस्पिटल के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ अंकुर सौरव ने कहा कि बच्ची को मल्टीपल फ्रैक्चर हुई है। उसके पैर, हाथ, बांह, जबड़े, चेहरे और माथे पर गंभीर चोट लगी हैं। बच्ची को वेंटिलेटर पर रखा गया है। डॉक्टर अंकुर सौरभ ने बताया कि बच्ची के शरीर के अन्य हिस्सों की भी जांच की जा रही है ताकि यह पता चल सके कि बच्ची के पेट और छाती में भी कहीं गंभीर चोट तो नहीं लगी है। बच्ची की स्थिति इतनी गंभीर है कि वह सांस भी ढंग से नहीं ले पा रही है। बच्ची की स्थिति को देखते हुए अस्पताल के विभिन्न विभागों के डॉक्टर जैसे न्यूरो सर्जरी, जनरल सर्जरी, पेडियाट्रिक टीम इलाज में जुटी हुई है। यहां बता दें कि घटना शुक्रवार दोपहर की है। आराध्या सेक्रेड हार्ट स्कूल की क्लास 6 बी की छात्रा है। बच्ची छत से कैसे गिरी, इसके हर एक पहलू की जांच पुलिस कर रही है।

### आर्टिफिशियल मशीन से दिया जा रहा है ऑक्सीजन

डॉ अंकुर ने बताया कि बच्ची की स्थिति इतनी गंभीर है कि वह सांस भी अभी खुद से नहीं ले पा रही है, इसलिए आर्टिफिशियल मशीन से उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। बच्ची की स्थिति को देखते हुए अस्पताल के विभिन्न विभागों के डॉक्टर जैसे न्यूरोसर्जरी, जेनरल सर्जरी, पीडियाट्रिक, ऑर्थोपेडिक सर्जन और मौक्सिलोफेशियल सर्जन की टीम इलाज में जुटी हुई है। डॉ अंकुर सौरभ ने बताया कि यदि बच्ची की स्थिति में आज सुधार आता है तो कल यानी शनिवार को बच्ची के पैर, हाथ और चेहरे की सर्जरी की जाएगी। बताया कि लाइफ सेविंग मेजर के साथ बच्ची का इलाज किया जा रहा है।

**पुलिस कर रही जांच :** वहीं पूरे घटना को लेकर पुलिस जांच कर रही है। एफएसएल की टीम को भी तैयार किया गया है ताकि बारीकी से सभी चीजों की जांच की जा सके। वहीं पूरा मामला संदेहास्पद दिख रहा है, एक तरफ बच्ची के पिता बता रहे हैं कि ग्राउंड में खेलने के दौरान बच्ची को हल्की चोट आई है, जबकि डॉक्टर की टीम बच्ची को गंभीर हालत में बता रहे हैं। वहीं पुलिस की टीम भी स्कूल के पदाधिकारियों से पूछताछ कर रही है और घटना के समय का सीसीटीवी फुटेज निकाल रही है ताकि वास्तविकता की जानकारी हो सके।

## जंगल के उत्पादों से जीवन यापन करने वाले कभी व्यक्तिगत लाभ की इच्छा नहीं रखते : डॉ तपन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** जंगल के उत्पादों से अपना जीवन यापन करने वाले कभी व्यक्तिगत लाभ के लिए महात्वकांक्षा नहीं रखते। ये बातें डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने जी 20 उत्सव की श्रृंखला में आकाशवाणी तथा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि आदिवासी का आर्थिक क्रियाकलापों का सीधा संबंध पर्यावरण संरक्षण से है। देश के आर्थिक विकास में आदिवासियों की बड़ी भागीदारी पर भी उन्होंने बल दिया। मौके पर टीआरआई के शोधार्थी विकास दुबे ने विस्तार से विकास की आधुनिक अवधारणा के बरक्स आदिवासी जीवन दर्शन के अनुरूप विकास की चर्चा की। उन्होंने कहा कि आदिवासी आर्थिकी व्यक्तिगत लाभ पर नहीं बल्कि सामूहिक विकास पर बल देती है। आई एस एस के प्रो अमर एरौन तिग्गा ने आदिवासी समाज पर बढ़ते बाजार के प्रभाव की चर्चा की। हजारीबाग के पूर्व कुलपति डॉ रमेश शरण ने उपभोग की संस्कृति को कम करने एवं अपनी आवश्यकताओं में निरंतर कमी करने पर बल दिया। आकाशवाणी की कार्यक्रम प्रमुख मेरी क्लाडिया सोरेंग ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। इस संगोष्ठी में कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, जिंदर सिंह मुंडा, डॉ राकेश, डॉ प्रियांशु, संजीव लाल, राजेश करमहे, दिनेश सिंह तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## केंद्रीय सरना समिति ने श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन



**रांची।** केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में केंद्रीय धुमकुड़िया करम टोली में नागपुरी के महान लेखक एवं गीतकार स्व. डब्बू महली की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा का संचालन झारखंड आंदोलनकारी कुमुद कुमार वर्मा ने किया। जिसमें झारखंड के सैकड़ों कलाकार व गणमान्य लोग एवं विभिन्न सरना समिति सदस्यों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। विदित हो कि स्व. महली का बिमारी के कारण निधन हो गया था। साथ ही सरना समित के द्वारा उनके परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य पहान जगलाल पहान, केंद्रीय धूमकुड़िया अध्यक्ष सुनील टोप्पो, सुरज टोप्पो, जगन्नाथ तिर्की, अनिल उरांव, अजीत लकड़ा, अमर मुंडा, कृष्णकांत टोप्पो, कुमोद कुमार वर्मा, मुकेश मुंडा, एवं झारखंड के समस्त कलाकार उपस्थित थे।

## पांडेय गिरोह के कुख्यात सुधीर कुमार सहित 4 अपराधियों के खिलाफ डीसी ने दी अभियोजन स्वीकृति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने एटीएस थाना काण्ड सं0-05/23 (21.06.2023) से सबंधित प्रतिवेदनों का अवलोकन उपरान्त शस्त्र अधिनियम की धारा- 25 (1-बी) ए/26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की है। एटीएस थाना दर्ज प्राथमिकी के अनुसार अभियुक्त सुधीर कुमार उर्फ टप्पु, टिंकू सिंह, राजेश झा और सुबोध प्रसाद साहु ने मां अम्बे माइनिंग (एके लॉजिस्टिक) के कर्मियों को जान से मारने की धमकी दी गई थी। शिकायत पर एटीएस की तकनिकी टीम के सहयोग से आरोपी का लोकेशन पता लगाया गया और बरियातू थाना क्षेत्र स्थित डीएन ग्रांड होटल से गिरफ्तार किया गया।

### होटल में ठहरे थे सभी अपराधी

एटीएस ने जून में रांची के बरियातू स्थित होटल डीएन ग्रांड में छापेमारी कर कुख्यात पांडेय गिरोह के अपराधी पश्चिम बंगाल के नियामतपुर कुल्टी स्थित ब्रशचारी स्थान का रहने वाला सुधीर कुमार उर्फ टप्पू, रांची के सिकिदरी स्थित हेसातू का सुबोध कुमार साहू, नामकुम के लोआडीह का टिंकू सिंह व नामकुम के ही सदाबहार चौक काली नगर निवासी राजेश झा को गिरफ्तार किया था। एटीएस ने आरोपियों के पास से नाइन एमएम की एक पिस्टल, छह कारतूस, दो मैगजीन, एक स्कॉर्पियो व एक वेंट कार, नौ मोबाइल व 39 हजार रुपये नकदी बरामद किया था। गिरफ्तार अपराधियों में सुधीर कुमार उर्फ टप्पू संगठित आपराधिक गिरोह पांडेय गिरोह के मुख्य सरगना विकास तिवारी का गुर्गा है, जिसपर अब तक आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या के पांच, हत्या के प्रयास के दो व आर्म्स एक्ट का एक कांड शामिल है. एटीएस की छानबीन में पता चला कि खनन कंपनी के संचालक को पांडेय गिरोह के सरगना विकास तिवारी का सहयोगी बनकर किसी ने फोन किया था। फोन करने वाले ने अपना नाम अनुज तिवारी बताया था। आरोपी ने धमकाते हुए कहा कि रांची स्थित मोरहाबादी कार्यालय को बंद नहीं किया तो वह जान से मार देगा। इस सूचना का एटीएस ने तकनीकी विश्लेषण व जांच से सत्यापन किया, जिसमें पता चला कि धमकाने वाले रांची के बरियातू स्थित होटल डीएन ग्रांड में ठहरे हुए हैं। इसके बाद ही एटीएस ने छापेमारी की और सभी चारों आरोपितों को दबोचा।

तलाशी के क्रम में पकड़ाये व्यक्तियों के पास से 3 पिस्टल एवं जिंदा गोलियां बरामद की गई. काण्ड अनुसंधान एवं पर्यवेक्षण के क्रम में पकड़ाये अभियुक्तों के विरूद्ध घटना को सत्य पाया गया। एटीएस के एसआई धनेश्वर कुमार द्वारा समर्पित प्रतिवेदनों एवं परिचारी प्रवर (द्वितीय) का जांच प्रतिवेदन तथा एटीएस एसपी द्वारा अनुशंसित प्रतिवेदनों के अवलोकन उपरांत आरोपी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा- 25 (1-बी) ए/26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## खबर एक नजर में

### जिला स्तरीय योगासन चैंपियनशिप का आयोजन आज से




**रांची।** जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन आज मनन विद्या मनराखन महतो स्कूल, डूमरदगा, में आयोजिति किया जाएगा। इस संबंध में आयोजिक समिति के अध्यक्ष संजय सिंह ने शुक्रवार को प्रेस वार्त्ता को संबोधित करते हुए बताया कि चौथी बार जिला चैंपियनशिप का आयोजन किया रहा है। चैंपियनशिप झारखंड के प्रत्येक जिले में आयोजित कि जाएगी। चैंपियनशिप में सब जूनियर, जूनियर, सिनियर ए,सीनियर बी कैटिगरी के प्रतिभागी हिस्सा ले रहें है। इन प्रतियोगिता में आर्टिस्टिक योगासन, सिंगल आर्टिस्टिक योगासन पेयर, राइथिमक, ट्रेडिशनल योगासन किया जाएगा। मौके पर स्कूल के चैयरमैन मनलखन महतो, स्कूल की प्राचार्या नायडू मैडम व अन्य मौजूद थे।

### गुरुदक्षता से ही छात्रों में संस्कार का होता है बीजारोपण : प्राचार्य

**रांची।** गुरुदक्षता की शुरूआत शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल के बहुद्देशीय सभागार में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।दो दिनों तक चलने वाले इस सेमिनार में सीबीएसई के द्वारा निर्गत सभी नियमों पर परिचर्चा होगी। विद्यलयों को मिलने वाली मान्यताओं, उनकी शैक्षणिक कार्य प्रणाली, विद्यलयों की गतिविधियों पर विस्तृत संवादों का आदान- प्रदान बिहार एवं झारखंड से पधारे 52 प्राचार्य और वरिष्ठ शिक्षकों के मध्य होगा। मालूम हो कि इस दो दिवसीय गुरुदक्षता कार्यक्रम की संसाधिका के रूप में परमजीत कौर एवं नमिता अग्रवाल उपस्थित रहेंगी। ये दोनों संसाधिका सीबीएसई से मान्यता प्राप्त बिहार एवं झारखंड के विभिन्न विद्यलयों से आये हुये सभी प्राचार्यों एवं शिक्षकों को सभी बायलॉज एवं शिक्षा से जुड़े उसकी कार्यप्रणाली पर विस्तृत मार्गदर्शन करेंगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने कहा कि गुरूदक्षता से ही छात्रों में संस्कार का बीजारोपण होता है। उन्होंने श्रीमद्भागवत गीता से एक संदेश को साझा करते हुये कहा कि विश्व का सबसे बड़ा गुरु श्रीकृष्ण हुये। जिन्होंने महाभारत कुरुक्षेत्र में कौरवों और पाण्डवों के मध्य परम ज्ञान को प्रदान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही ज्ञान के साधन होते हैं।

### अमन साहू गिरोह के मयंक का वाहन कारोबारी से रंगदारी मांगने की घटना में संलिप्तता से इनकार

**रांची।** अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने वाहन कारोबारी से रंगदारी मांगने की घटना में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है। मयंक सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आजाद बस्ती निवासी मो. वसीम ने लालपुर थाना में अमन साहू के विरुद्ध रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। इससे हमारा अमन साहू गिरोह या हमारे किसी भी सदस्य का कोई लेना-देना नहीं है। जारी विज्ञप्ति में कहा है कि अमन साहू के नाम पर गोबिंद विश्वकर्मा से भी रंगदारी मांगी गई थी। अमन साहू गिरोह के इस फर्जी केस का खंडन करता है।

**क्या है मामला**

मो. वसीम 21 अगस्त की सुबह 10.48 बजे एक नंबर 1814-344-7867 से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम अमन साहू बताया। उसने कहा कि उसे पांच लाख रुपए की रंगदारी चाहिए। कॉल करने वाले ने कहा कि चार दिन के अंदर पांच लाख रुपए दे दे। वरना उसे जान से मार दिया जाएगा। फोन करने वाले ने धमकी देते हुए यह भी कहा था कि उसकी दुकान के सामने उसने दो शूटर छोड़ दिए है। कॉल आने के बाद कारोबारी मो. वसीम काफी घबरा गए। इसके बाद उन्होंने लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस को मो. वसीम ने उक्त कॉल की रिकार्डिंग भी उपलब्ध कराई है।

## इनर व्हील क्लब ने चेयरमैन विजिट का किया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची डिस्ट्रिक्ट-325 के द्वारा अध्यक्ष माला श्रीवास्तव और सचिव सोमा भादुड़ी के नेतृत्व में शुक्रवार को होटल कैपिटल हिल में चैयरमैन विजिट का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष में जिला अध्यक्ष डॉक्टर रागिनी रानी ने क्लब का जायजा लिया। चेयरमैन विजिट में क्लब के प्रोजेक्ट का उद्घाटन भी किया। सबसे पहले महिलाओं के लिए एक सेंटर का उद्घाटन किया गया जिसमें क्लब की सदस्य महिलाओं को सिलाई, बुनाई, कुकिंग, फ्लावर मेकिंग, ब्यूटीशियन आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर हो सकें। इस केंद्र के खोलने में क्लब की ट्रेजर नीता शेखर ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। दूसरा गौ अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट है और तीसरा कैंसर जागरूकता के लिए कचहरी चौक पर होर्डिंग लगवाया गया। इसके अलावा सबर ट्रिब (एक विलुप्त होती जनजाति) की महिलाओं को ट्रेनिंग देकर उसे उनसे घास पाम लिफ्स से राखी बनवायी गयी और उन राखियों को क्लब ने खरीदा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## चंद्रयान मिशन की सफलता में योगदान देने वाले छात्र के माता-पिता को किया गया सम्मानित



**रांची।** शुक्रवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के केशव सभागार में चंद्रयान-3 के चंद्रमा मिशन की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा के छात्र रहे भैया निलेश कुमार झा के माता-पिता को सम्मानित किया गया। भैया निलेश ने सॉलिड प्रोपेलेंट फयूज तैयार करने वाली इसरो की टीम में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की इनकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में हुई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा वैज्ञानिक के पिता अनिल झा एवं माता संयुक्ता झा थे। विद्यालय के माननीय मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्रा एवं विद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर संध्या सिंह ने उनके माता-पिता को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

## फिरायालाल पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी वर्तनी प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची।** फिरायालाल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को अंग्रेजी वर्तनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1, 2 और 3 के बच्चों ने भाग लिया। मौके पर राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 4 और 5 के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें शांति हाउस को विजय घोषित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका में जूनियर विंग की प्रभारी प्रेरणा मुंजल थी। स्कूल के प्राचार्य नीरज कुमार ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में कॉमर्स फेस्टिवल-बिजगाला का आयोजन



**खबर मन्त्र संवददाता**

**रांची।** वाणिज्य संकाय के छात्रों को उनके विश्लेषणात्मक कौशल, उद्यमशीलता क्षमता और व्यावसायिक कौशल को परखने में, उन्हें व्यवसाय से संबंधित समस्याओं के सबसे प्रासंगिक समाधान तैयार करने में, सक्षम बनाने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को फेस्टिवल - बिजगाला-एलिवेट, इन्नोवेट एंड डोमिनेट का आयोजन किया गया। इस उत्सव के 06 नवीन और दिलचस्प प्रतियोगिताओं में 17 विद्यालयों के लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दिल्ली पब्लिक स्कूल (धनबाद), शारदा ग्लोबल स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल (बोकारो), कैराली स्कूल, गुरुनानक हायर सेकेंडरी स्कूल, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल (राँची), डीएवी (गाँधीनगर), निरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, विवेकानन्द विद्या मंदिर, ब्रिजफोर्ड स्कूल, विद्या विकास पब्लिक स्कूल, ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल, विकास विद्यालय, माउंट लिट्रा जी स्कूल (जमशेदपुर) और गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल ने इस प्रतियोगिता के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार भेजे। इस प्रतियोगिता में स्टैखानोवाइट- द मॉक इंटरव्यू₹ प्रतियोगिता में, दिल्ली पब्लिक स्कूल (राँची) ने पहला और दूसरा स्थान हासिल किया एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल (बोकारो) तीसरे स्थान पर रहा, जबकि फिस्कल फॉर्च्यून- ए स्टार्ट अप प्लान प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल (राँची) ने पहला स्थान, माउंट लिट्रा जी स्कूल (जमशेदपुर) ने दूसरा स्थान प्राप्त किया एवं गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल तीसरे स्थान पर रहा । नॉलेज क्वेस्ट - द अल्टीमेट क्विज कॉम्पिटिशन₹ प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल (राँची) को पहला स्थान, डीएवी (गाँधीनगर) ने दूसरा स्थान प्राप्त किया एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल (धनबाद) को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुमन सिंह, डीआइजी, सीआईएसएफ थे । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## कैंब्रियन स्कूल में सांस्कृतिक सप्ताह के अंतर्गत कई कार्यक्रमों का आयोजन



**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में 21 से 26 अगस्त तक मनाया जा रहे संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ उपप्रधानाचार्य उज्ज्वल कुमार नायक एवं मुख्य समन्वयक आशा राज के द्वारा दीप प्रज्वलन कर हुआ। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा मद्भगवद्गीता गीता के चतुर्थ अध्याय का पाठ, 'मृदपि च चंदनमस्मिन देशे' संस्कृत गीत एवं शिव तांडव स्तोत्र पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कक्षा दसवीं की छात्रा शुभांगी पटेल ने संस्कृत भाषा में संभाषण प्रस्तुत किया। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में संस्कृत में श्लोक एवं गीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके साथ ही छात्रों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया।

मौके पर उपप्रधानाचार्य ने कहा कि संस्कृत भाषा के उच्चारण मात्र से कई प्रकार के प्राणायाम हो जाते हैं, मानसिक एकाग्रता बढ़ती है और बच्चों के उच्चारण दोष का निवारण किया जा सकता है। विद्यालय के संस्कृत शिक्षक अभय नाथ मिश्र ने कहा कि संस्कृत एक वैज्ञानिक भाषा है। वर्तमान समय में भौतिक सुख सुविधाओं का अंबार होने के बावजूद भी मानव समाज कई तरह के मानसिक अवसाद, तनाव, चिंता और अनेक प्रकार के रोगों से ग्रस्त है। मुख्य समन्वयक श्रीमती आशा राज ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में संस्कृत और संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ती है। साथ-ही उन्होंने कहा कि यह भाषा हमारे देश की पहचान और हमारा स्वाभिमान है।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रीमती इभा रानी , सुचित्रा सिन्हा एवं सुषमा तिवारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन दसवीं की छात्रा सौम्या सृष्टि ने किया।

### मारुति मंगल परिवार का आज से प्रमंडलीय नगर भ्रमण कार्यक्रम

## प्रभारियों की टीम गठित, उत्साहित हैं युवा : बिक्रम




**रातू।** सामाजिक और आध्यात्मिक संगठन मारुति मंगल परिवार ने पिछले 10 वर्षों से जागरूकता अभियान चला रही है। जुलाई में तीन दिनी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। इसमें 12 जिले के सैकड़ों सदस्यों ने हिस्सा लिया। 3 अगस्त को गुडू स्थित मारुति भवन में मिलन समारोह के जरिये युवा और महिलाएं सम्मानित किये गये। केंद्रीय अध्यक्ष बिक्रम महतो ने पत्रकारों को बताया कि 26 अगस्त से राज्य के सभी पांच प्रमंडल में नगर भ्रमण आयोजित किये गये हैं। इसके लिये टीम गठित की गयी है। उत्तरी छोटानागपुर के लिये सुमेश कुमार, जन्मेजय महतो, मनोज महतो, शिव, नितेश, जितवाहन, इंद्रजीत, राकेश व बबलू, संथाल में मदन, एतवा , डी प्रमाणिक, संजय, कलिन्दर गोप, अम्बुज रजक, विपिन महतो, रिकेश कुमार, धर्मचंद, अमरनाथ व अनुपम, कोल्हान के लिये अजय , कामेश्वर, राजू, बिमलेश, विककी, अजीत, संदीप, संतोष, जयप्रकाश, तपेश्वर व आनंद, बालकिशोर, सुर्यदेव, नितीश, मुनेन्दर, पवन, अनुर्ज, रामजय, विकास कुमार व पिंकु कुमार तथा पलामू के लिये निरंजन गोप, कामेश्वर, दुर्गा, सुरेश, सुरेश, बलराम, सुदीप, छोटन, संदीप्र, बलराम कुमार व बुधनाथ शामिल हैं। महतो ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर प्रदेश के युवा उत्साहित हैं।

# देश के औद्योगिक विकास में झारखंड की भूमिका महत्वपूर्ण : राज्यपाल

### राजधानी रांची में सेकेंड झारखंड माइनिंग समिट का आयोजन

**2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का रखा गया है लक्ष्य**




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि देश के आद्योगिक विकास में झारखंड की महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्यपाल शुक्रवार को होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित द्वितीय झारखंड माइनिंग समिट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज की दृष्टिकोण से अहम स्थान रखता है और देश के औद्योगिक विकास के क्षेत्र में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन यहां के लोगों के जीवनस्तर में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए औद्योगिक विकास का होना नितांत आवश्यक है लेकिन हमें यह देखना होगा कि इसका पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। खनन किये जाने के पश्चात सुनियोजित तरीके से माइंस के रख-रखाव एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर उस पर कार्रवाई की जाने होगी। अब तो ऐसी तकनीक विकसित हो चुकी है कि दुनिया के कई देश मरुस्थल को उर्वरक बनाते हुये उसमें खेती कर रहे हैं, तो हम बंद पड़े अनुपयोगी खदानों का उपयोग क्यूं नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि माइनिंग का स्वरूप अब लगातार बदल रहा है। पारंपरिक तरीके से की जाने वाली माइनिंग के स्थान पर अब अग्रणी तकनीक से माइनिंग करना प्रारंभ हो गया है। इस अग्रणी तकनीक में ऑटोमेशन, रोबोट, डाटा एनालिटिक्स का उपयोग होने से माइनिंग की क्षमताए वहाँ कार्य करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा एवं पर्यावरण की रक्षा पहले की अपेक्षा बेहतर तरीके करना शुरू कर दिया गया है। इसके साथ-साथ माइनिंग के अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन पर भी जोर दिया जा रहा है। वस्तुतः राष्ट्र के विकास के लिए औद्योगिक विकास आवश्यक है और औद्योगिक विकास के लिये खनन भी आवश्यक है। हम खनन वहीं कर सकते हैं, जहां पर खनिज पदार्थ उपलब्ध हैं। यदि वहां पर उत्खनन किया जाना है तो हमें संवेदनशील होकर नवीनतम उन्नत तकनीकी का प्रयोग करते हुये उत्खनन करना पड़ेगा और पर्यावरण का भी ध्यान रखना पड़ेगा। हम जानते हैं कि भारत में वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा गया है।

### कल अलबर्ट एक्का चौक पर टांगी जायेगी दही हांडी

# जन्माष्टमी पर कन्हैया के आगमन पर 7 सितंबर को झूमेगी राजधानी

**पूरे आयोजन स्थल को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जायेगा**

**प्रतियोगिता में पुरुष और महिला गोविंदा टीम भाग लेंगी। गोविंदाओं की टीम और बाल गोपाल झांकी प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सदस्य 4 सितंबर के पूर्व मेन रोड केडिया साईकिल और स्टेशन रोड पतंजलि से फॉर्म लेकर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति अलबर्ट एक्का चौक में 6 और 7 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। रविवार को समिति के संरक्षक संजय सेठ व अध्यक्ष मुकेश काबरा सहित समिति के सदस्यों के नेतृत्व में जन्माष्टमी महोत्सव पर होने वाली दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता के लिए मटकी को सजाकर उसमें माखन भरकर हांडी आयोजन स्थल पर लगायी जाएगी। यह जन्माष्टमी के आगमन से पूर्व कृष्ण के भक्तों के अवलोकन के लिए लगाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि 6 सितंबर को उत्सव स्थल पर भगवान श्री कृष्ण को मोटे अनाज के व्यंजनों का भोग लगाया जायेगा जिसका वितरण कार्यक्रम स्थल पर किया जाएगा। भोग में मुख्य रूप से बाजरा खीर, पंजीरी, माखन मिश्री, रागी सहित मोटे अनाज का भोग लगाया जाएगा। वहीं 7 सितंबर को संध्या 5:00 बजे दही हांडी- फोड़ो प्रतियोगिता सह भजन संध्या सहित नृत्य नाट्य मंचन का आयोजन रखा किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में पुरुष और महिला गोविंदा टीम भाग ले सकेंगे। गोविंदाओं की टीम और बाल गोपाल झांकी प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सदस्य 4 सितंबर के पूर्व मेन रोड, केडिया साईकिल और स्टेशन रोड पतंजलि से फॉर्म लेकर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

आपको बता दें कि आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न कार्यों की कमेटियों का भी गठन किया गया है। जिस के संयोजक और सहयोगी बनाए गए हैं। संरक्षक संजय सेठ, अध्यक्ष मुकेश काबरा ने कहा कि आगामी 6 और 7 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति के सानिध्य में होने वाले इस आयोजन सपरिवार के साथ अवश्य पधारें।

आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से संरक्षक संजय सेठ, सीपी सिंह, अजय मारू, अध्यक्ष मुकेश काबरा, महासचिव जवाहर तनेजा, सचिव रमेंद्र कुमार, कुणाल आजमानी, राम बांगड़, मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, राज वर्मा, चंद्र कांत रायपत, सतीश सिन्हा, ललन श्रीवास्तव, भीष्म सिंह, मनोज तिवारी, नीरज चौधरी, प्रवीण कुमार, कवलजीत सिंह संटी, राजीव वर्मा, संतोष सेठ, रामा शंकर बगड़िया, बिपिन वर्मा, नीरज कुमार, राजीव सहाय, रवि सिंह, आनद श्रीवास्तव, अशोक पुरोहित, आशीष भाटिया, विपिन वर्मा, गौरव काबरा, संजय जायसवाल, राजीव सहाय, पूनम आनंद, कुमुद झा, अमित चौधरी, मनीष लोधा सहित काफी संख्या में सदस्य आयोजन को सफल बनाने में लगे हैं।

## खबर एक नजर में

### कोकर में हथियार के बल पर अपराधियों ने राहगीर से लूटे पांच हजार रुपये और मोबाइल

**रांची।** राजधानी रांची के कोकर इलाके में शुक्रवार तड़के चार अपराधियों में एक व्यक्ति से हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया है। मामला कोकर के चूना भष्ठा गली नंबर 3 की है, जहां पर बाइक सवार इन अपराधियों ने प्रवीण प्रसाद नामक व्यक्ति से लूटपाट कर ली। बताया जाता है कि प्रवीण प्रसाद बिहार के नवादा जिले से आए थे और वह सुबह अपने संबंधी के यहां भाभा नगर जा रहे थे। उसी समय घात लगाए अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। यह पूरा मामला सीसीटीवी कमरे में कैद हो गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान करने में जुटी है।

### के श्रीनिवासन सहित तीन आइएएस अफसरों का हुआ स्थानांतरण और पदस्थापन

**रांची।** झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया है। लंबे समय से पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत के श्रीनिवासन को अगले आदेश तक निदेशक श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। निदेशक श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची मुकेश कुमार को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अगले आदेश तक निदेशक अटेंशन निदेशालय वित्त विभाग रांची के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। मुकेश कुमार अपने कार्यों के साथ निदेशक पेंशन नियम लेखा निदेशालय वित्त विभाग रांची के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। प्रतिस्थापन के लिए प्रतीक्षारत शशि रंजन को प्रबंध निदेशक झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार जियाडा के पद पर नियुक्त एवं पद स्थापित किया गया है। श्री रंजन अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड रांची के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### सामाजिक न्याय के पुरोधा थे बीपी मंडल : राजद



**रांची।** बनारस में जन्म लेने वाले सामाजिक न्याय के पुरोधा अति पिछड़े के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों के हित में काम करने वाले महान राजनीतिज्ञ स्वर्गीय बीपी मंडल की जयंती शुक्रवार को प्रदेश रजद कार्यालय में पुष्प और माला चढ़ाकर मनायी गयी। मौके पर प्रदेश रजद के महासचिव मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि बीपी मंडल एकीकृत बिहार में पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष एवं जिंदादिल इंसान थे, उनके कार्यों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम में प्रदेश रजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पांडेय, महासचिव इरफान अंसारी, प्रदेश सचिव रामकुमार यादव के अलावा कार्यालय सचिव पांडेतजी के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से रांची में सीवरेज और ड्रेनेज परियोजना की मांगी विस्तृत रिपोर्ट



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने का आग्रह करने वाली अरविंदर सिंह देओल की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के तीन फेज का निर्माण कार्य राज्य सरकार द्वारा किया जाना है, इसको पूरा करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है, इस संबंध में स्टेटस रिपोर्ट दायर करें। इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज-टू, फेज थ्री और फेज फोर के कार्य के लिए डीपीआर बनाने का काम पूरा हो गया है, अब आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

वहीं रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शहदेव ने बताया कि जोन-वन का कार्य रांची नगर निगम कर रहा है, जिसका लगभग 78 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा कुछ और फंड रिलीज किया गया है। रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट और एनएचएआई से अभी एनओसी नहीं मिला है, एनओसी मिलते हैं कार्य तेज किया जाएगा। अभी बरसात के कारण काम में देरी हो रही है।

वहीं केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार अब रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के लिए कोई राशि नहीं देगी, केंद्र ने स्कीम के तहत राज्य सरकार को 60 करोड़ रुपए दिए गए थे लेकिन राज्य सरकार की ओर से यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं दिया गया था।

शहरी विकास के मद में झारखंड को फंड देने वाली स्कीम वर्ष 2015 बंद हो चुकी है। जवाहरलाल नेहरू अर्बन मिशन स्कीम के तहत शहरी विकास के लिए केंद्र सरकार का अंशदान 60% फीसदी राशि तथा राज्य सरकार का अंशदान 40% राशि दे जानी थी। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

## नयी दिल्ली से रेस्क्यू कर तीन बच्चियों को लाया गया रांची



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बाल तस्करी की शिकार तीन बच्चियों को शुक्रवार को दिल्ली के विभिन्न बाल गृहों से वापस रांची लाया गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वेद प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम बच्चों को लेकर रांची पहुची है। इसमे धनबाद जिले की भी दो बच्चियां शामिल है। सभी रेस्क्यू की गई बच्चे बच्चियों को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत कर परिवार में पुनर्वासित करने की प्रक्रिया की जायेगी। मालूम हो कि रांची जिले की एक बच्ची 6 साल बाद वापस परिवार में लौट रही है। जिसे अपने ही चचेरी भाभी द्वारा पटना में छोड़ दिया गया था, जहां से वह भाग कर दिल्ली चली गयी थी। जिला प्रशासन एवं दिल्ली नोडल अधिकारी के संयुक्त प्रयास से उपरोक्त बालक बालिकाओ को गृह जिला रांची लाया जा रहा है।

## राज्य में कल तक छिटपुट बारिश होती रहेगी, मानसून की सक्रियता में आ रही कमी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आने वाले कुछ दिनों तक राज्य में छिटपुट बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले कुछ दिनों तक मौसम में मानसून का विशेष असर नहीं देखा जायेगा। इन दिनों हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश राज्य में होगी। वहीं कुछ इलाकों में धूप का असर भी रहेगा। जिससे लोगों को गर्मी और उमस का एहसास होगा।

मौमस वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने जानकारी दी कि 26 और 27 अगस्त को राज्य के पूर्वी इलाके में मध्यम दर्जे की बारिश होगी। इसमें देवघर, दुमका, गिरिडीह, पाकुड़, गोड्डा, जामताड़ा समेत अन्य जिलों में बारिश होने की संभावना है। इन दो दिनों के दौरान इन जिलों में वज्रपात की भी संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो अन्य जिलों में इस दौरान बादल के साथ धूप का असर देखा जायेगा। जिससे लोगों को गर्मी का एहसास होगा। इस दौरान राजधानी रांची मे भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले दो दिनों के दौरान तापमान में बहुत अधिक वृद्धि नहीं दर्ज की जायेगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। वहीं, न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। 26 अगस्त से तापमान में वृद्धि की संभावना व्यक्त की गयी है। इस दौरान अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी।

## भाजपा ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं सुधार को लेकर लगाया सहायता शिविर



**वोटर चेतना महा-अभियान कार्यक्रम के तहत महानगर भाजपा ने नये वोटरों को मतदाता सूची से जोड़ने के लिये लगाया शिविर**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा महानगर जिला के तत्वावधान में शुक्रवार को परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक पर वोटर चेतना महाअभियान कार्यक्रम के तहत नये मतदाता को जोड़ने एवं मतदाता सूची में त्रुटियों में सुधार के लिये सहायता शिविर लगाया गया। इस शिविर का विधिवत उदघाटन विधायक सीपी सिंह ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से केके गुप्ता उपस्थित थे। शिविर में नये मतदाताओं का नाम जोड़ने एवं त्रुटियों में सुधार के लिए संबंधित फार्म उपलब्ध कराया गया।

इस दौरान सीपी सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में अधिक से अधिक जन-भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिये। अधिक से अधिक युवा मतदाताओं को सूची से जोड़ने का का काम जिला प्रशासन के साथ किया जा रहा है। उन्होंने जन - जागरुकता पर बल दिया। केके गुप्ता कहा कि चुनाव के एक दो दिन पहले अचानक से इन चीजों को ठीक नहीं किया जा सकेगा। इसलिये इन बातों के प्रति आम जनता को जागरूक रहने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में वरुण साहु, बलराम सिंह, रमेश सिंह, पंकज सिन्हा, जितेंद्र सिंह पटेल, नीरज सिंह, आनंद कुमार, रोमित नारायण सिंह, अर्जुन मुंडा, नीलेश सिंह, सुबेश पांडेय, मुकेश सिंह, सूर्य प्रभात, शौर्य पूजा सिंह, सोनू मिश्रा, सतीश चंद्र, राजकुमार साहु, सोनू सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भागीदारी निभाई।

### इडी की कार्रवाई पर महागठबंधन दल के नेताओं ने भाजपा पर बोला हमला, कहा

# राज्य सरकार को बदनाम करने की रची जा रही साजिश

### सीएम को इडी ऑफिस बुलाने और मंत्री के घर रेड करने पर जतायी नाराजगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में ईडी की कार्रवाई को लेकर जेएमएम और कांग्रेस ने भाजपा पर हमला बोला है। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और कांग्रेस नेता राकेश कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर कहा कि अभी जो स्थिति बनी हुई है उसको देखने के बाद यह कहना गलत नहीं होगा कि जहां भी गैर भाजपा सरकार बनी हुई है, उस सरकार को गिराने के लिए केंद्र सरकार ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है।

**बाबूलाल मरांडी पर लगाए गंभीर आरोप, जांच की मांग :** जेएमएम और कांग्रेस नेता ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2005 में एक कंपनी का रजिस्ट्रेशन कराया गया था। जिसके तीन डायरेक्टर हैं। जिसमें बाबूलाल मरांडी के भाई रम्या मरांडी, लालिमा तिवारी और योगेंद्र तिवारी हैं। इस कंपनी के द्वारा कई जगहों पर गलत तरीके से जमीन की खरीद की गई। व्यापार शुरू करने के लिए इन लोगों ने पूंजी कहां से लाया इसकी जानकारी अभी तक नहीं दी गई है। सिर्फ संथाल परगाना क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में ये लोग मिलकर जमीन की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सैकड़ों एकड़ जमीन की खरीदारी की गई है। वहीं उन्होंने कहा कि सिमडेगा में शराब कारोबार का भी ताल्लुक इन्हीं सभी लोगों से है।

उन्होंने बाबूलाल मरांडी पर हमला करते हुए कहा कि ईडी और सीबीआई को इन मामलों पर भी गंभीरता से जांच करनी चाहिए, लेकिन ईडी और सीबीआई की टीम सिर्फ टारगेट कर लोगों को चिन्हित करती है और फिर उन्हें कानूनी प्रक्रिया में फंसाने का काम करने की कोशिश करती है। उन्होंने ईडी और सीबीआई पर निशाना साधते हुए कहा कि इन एजेंसियों को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए, ना कि टारगेट कर विपक्ष में बैठे सत्ताधारी पार्टियों को परेशान करना चाहिए।

नेताओं ने कहा कि आखिर क्या चाहती है ईडी। उन्होंने आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि ईडी की टीम किस हैसियत से राज्य के वरिष्ठ मंत्री रामेश्वर उरांव के घर रेड कर सकती है, जबकि मंत्री के खिलाफ ईडी के पास कोई सबूत नहीं थे। यदि ईडी को उनके बेटे से कुछ पूछताछ करनी थी तो उन्हें निश्चित रूप से अपने कार्यालय में भी बुला सकती थी। जेएमएम के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने मुख्यमंत्री को ईडी ऑफिस बुलाए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ईडी और अन्य केंद्रीय एजेंसी के इस रवैया से स्पष्ट होता कि भाजपा सेंट्रल एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। केंद्र के इशारे पर आज झारखंड सरकार को तंग किया जा रहा है। इसलिए रमिया मरांडी और लालिमा तिवारी को ईडी नहीं पूछती। सिर्फ हेमंत सोरेन और महागठबंधन के नेताओं से ही पूछताछ करती है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी अपने काला धन को बचाने के लिए भाजपा में चले गए। ईडी या सेंट्रल जांच एजेंसियों को जांच के दायरे को बढ़ाने की आवश्यकता है। तभी भाजपा का काला चेहरा सामने आएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ में चुनाव आते ही सीएम भूपेश भागेल के करीबियों के खिलाफ कार्रवाई की गई यह बताता है सिर्फ सत्ता में आने के लिए बीजेपी केंद्र की एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।




**केंद्र की बीजेपी सरकार के इशारे पर राज्य सरकार को किया जा रहा परेशान**

मौके पर मौजूद कांग्रेस नेता राकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि जब से झारखंड में जनता के आशीर्वाद से महागठबंधन की सरकार बनी है तब से ही झारखंड सरकार को गिराने का प्रयास बीजेपी कर रही है। पहले ऑपरेशन लोटस के माध्यम से विधायकों को तंग करने की कोशिश की गई, जब भाजपा की वहां दाल नहीं गली तो उन्होंने ईडी का गलत तरीके से उपयोग करना शुरू कर दिया। जिसका उदाहरण हम आए दिन देख सकते हैं। ईडी आज उन सभी राज्यों में इलेक्शन मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के रूप में काम कर रही है। जहां भाजपा के विरोध में सरकार बनी है। चाहे वो झारखंड हो या फिर छत्तीसगढ़ हो। इस बात को जनता भी भली भांति जान चुकी है।


**समाहरणालय हजारीबाग**
(समाज कल्याण शाखा)

**-: प्रेस विज्ञप्ति :-**

सरकार के सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्र संख्या-2757 दिनांक-12.10.2018 के आलोक में विभागीय निदेश द्वारा जिला स्तर से अनुमोदित सूचना/विज्ञापन संख्या-PR248368 Social Welfare, Woman and Child Development (21-22) का समाचार पत्रों में प्रकाशन करते हुए समेकित बाल संरक्षण सेवाएँ योजनान्तर्गत संप्रेक्षण गृह, हजारीबाग में रिक्त पदों के विरुद्ध जैप आई. टी., झारखण्ड, रॉंची के वेबसाईट www.recruitment.jharkhand.gov.in के माध्यम से संविदा आधारित नियुक्ति हेतु योग्य आवेदकों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

विभागीय निदेश एवं जिला स्तरीय चयन समिति के निर्णय के अनुसार संशोधित प्रारंभिक मेधा सूची से भण्डारपाल-सह-लेखापाल, गृहपति एवं शिक्षक के एकल पदो के विरुद्ध पॉच गुणा शीर्ष अभ्यर्थियों का चयन करते हुए हजारीबाग जिला के समाज कल्याण कार्यालय के सूचनापट्ट एवं वेबसाईट www.hazairbag.nic.in पर अपलोड किया गया है।

प्रत्येक पद के लिए चयनित शीर्ष प्रारम्भिक मेधा सूची में शामिल अभ्यर्थियों का पदवार दिनांक-12.09.2023 को कम्पूयटर हिन्दी एवं अंग्रेजी टाइपिंग जॉच परीक्षा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC), ग्राउंड फ्लोर, समाहरणालय हजारीबाग में 11:00 बजे पूर्वाहन से ली जायेगी। जॉच परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले अथवा ससमय उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को दुबारा अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
हजारीबाग।

PR 305575 (Social Welfare,Women and Child Development) 23-24 (D)

स्पीड न्यूज

### सिल्ली : इलाज के दौरान अज्ञात व्यक्ति की मौत

**सिल्ली।** सिल्ली थाना के द्वारा सिलीडीह के समीप बीमार अवस्था में पड़े अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप ने बताया कि सिलीडीह के समीप अज्ञात व्यक्ति पड़ा था। इसके संबंध में पता चला कि वह मानसिक रोगी है। उसे वहां से उठाकर सिल्ली समुदायिक अस्पताल लाया गया। इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया।

### रातू : चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग पर वैज्ञानिकों को बधाई

**रातू।** झारखंड तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो, महासचिव मदन कुमार, उपाध्यक्ष छविस्वर बॉस, युवा अध्यक्ष दिलीप कुमार, युवा महासचिव राज किशोर साहू, युवा उपाध्यक्ष मनीष कुमार व जिला अध्यक्ष कुमार रौशन ने चंद्रयान 3 के परीक्षण और चांद की सतह दक्षिणी गोलार्द्ध पर सफलतापूर्वक लैंडिंग पर खुशी का इजहार किया है। इसके लिये सभा के पदधारियों ने इशारों के वैज्ञानिकों की पूरी टीम को बधाई दी है।

### 11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**सोनाहातू।** तिलाईपीडी गांव के 62 वर्षिय प्रह्लाद महतो की मौत 11 हजार वोल्ट के बिजली के संपर्क में आने से हो गई। घटना शुक्रवार दिन के 11 बजे की है। गांव के बाहर एक पेड़ से पत्ता तोड़ने के लिये पेड़ पर चढ़ गया। पेड़ पर 11 हजार वोल्ट वाली बिजली तार सट कर गुजरी है। पत्ता तोड़ने के दौरान तार के संपर्क में आ गया, जिससे तत्काल मौत हो गयी।

### 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन कल

**ओरमांझी।** पूजा समिति ओरमांझी द्वारा दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी में रविवार को 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन होगा। इसकी जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी व सचिव श्यामकिषोर महतो ने बताया कि अखंड हरिकीर्तन सुबह आठ बेज शुरू होगी। वहीं दूसरे दिन सोमवार को सुबह आठ बजे समपन्न होगी। जिसमें ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र के अलावे रामगढ़ जिला से कीर्तन मंडली शामिल होगें। आयोजन को सफल बनाने के लिए इसकी पूरी तैयारी कर ली गइ है।

### झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर में लगाये गये 40 पौधे



**खलारी।** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाने व उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। पौधा रोपण के दौरान स्कूल के निर्देशक सह प्रधानाध्यापक अभिषेक चौहान ने कहा कि पृथ्वी पर मौजूद पेड़ .पौधे पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने का काम करते हैं। हमें पर्यावरण को संरक्षित व सुरक्षित करने के लिए धरती को हराभरा करना होगा। कार्यक्रम में 40 पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अतिथियों को पौधा देकर सम्मानित कर पौधरोपण दिवस के बारे मे पर्यावरण की महत्व के बारे में बच्चों को बतलाया गया। मौके पर आर के एमयू के यूनियन नेता सुनिल कुमार सिंहए एनके एरिया सी सी एल के ओम प्रकाश शर्माए चुरी शाखा सचिव तपस्वी यादवए पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत रजकए नारयण सावए कार्तिक पाण्डेयए आनंद कुमार सिंहए अवधेश रायए रामेश्वर चौहानए सुनिल कुमारए जागीन चौहानए ज्योति चौहानए देवनारायण गंझूए बुटन चौहानए प्रेम कुमारए गोल्डेन प्रसादए पवन कुमार गुप्ताए विशाल कुमारए प्रवीण चौहानए बालेश्वर गंझूए के अलावे स्कूल के शिक्षक व बच्चे मौजूद थे।

# कृषक उवि के गेट पर ग्रामीणों का प्रदर्शन, सचिव को हटाने की मांग

## छात्राओं की पिटाई का मामला



रातू में स्कूल के समक्ष बैठक में मौजूद ग्रामीण।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** कृषक उच्च विद्यालय में तीन छात्राओं की पिटाई के मामले ने राजनीतिक रूप ले लिया है। पीड़ित परिवार के अलावा ग्रामीणों ने सचिव अशोक महतो के खिलाफ स्कूल गेट में प्रदर्शन कर नारेबाजी की। पांच पड़हा भवन, तिगरा में आयोजित बैठक के दौरान श्री महतो को प्रबंध समिति से हटाने, दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की गयी। अभियुक्त स्वेता मिंज की बहन सबीना मिंज पर छात्रा असिता व रिया तथा उनकी मां कमला उरांव को धमका कर सादे कागज पर दस्तखत करवाने का आरोप लगाया गया। वहीं सीनियर एसपी किशोर कौशल को अर्जी देकर पुलिस की कार्रवाई पर असंतोष जताया गया है। सूचना मिलने पर पहुंचे प्रभारी थानेदार चमरा मिंज ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। मौके पर प्रमुख संगीता तिर्की, मुखिया अनिल तिर्की, पूर्व मुखिया कुशल उरांव, मुखिया सुखदेव उरांव, अमृत महतो, शंकर कुशवाहा, संगम उरांव, देवनाथ उरांव, बासुदेव महतो, ललिता देवी, मोतीलाल व सिकंदर महतो आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

### भयभीत हैं परिजन

असिता, रिया व साक्षी कुमारी तथा उनके परिजन भयभीत हैं। उन्होंने अशोक महतो से जानमाल के संभावित खतरे की आशंका जतायी है। उन पर बयान बदलने की दबिश है। श्री मिंज ने उन्हें हर संभव सहयोग और सुरक्षा मुहैया कराने का भरोसा दिलाया। शुक्रवार की दोपहर जुमनाइल कोर्ट ने दोनों का बयान रिकार्ड कर लिया है। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद साक्षी के भी बयान दर्ज किये जायेंगे।

### साक्षी के गले में इंफेक्शन

रिंची ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में इलाजरत साक्षी कुमारी की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। 23 की सुबह 7 बजे उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के मुताबिक उसके गले में इंफेक्शन है। इसकी वजह से बोलने में कठिनाई हो रही है। इलाज में अत्याधुनिक तकनीक अपनाये जा रहे हैं।

### सीडब्ल्यूसी ने जारी किये नोटिस

बच्चियों के साथ मारपीट को लेकर सीडब्ल्यूसी सख्त है। कमेटी ने जिले के डीसी व डीईओ को नोटिस जारी कर घटना को संगीन बताते हुये विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव व दोषी शिक्षक-शिक्षिकाओं पर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। इससे आरोपियों की परेशानी बढ़ गयी है। इनके खिलाफ प्रदर्शन भी शुरू हो गया है। गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में कुर्की जब्ती भी हो सकती है।

# खड़ी फसल पर एनएचएआइ का चला बुलडोजर, मुआवजे की मांग

## भारत माला परियोजना के प्रभावित किसानों में नाराजगी



बुलडोजर चलाने से फसल हुई बर्बाद।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के भागलपुर स्थित लगभग दो एकड़ में लगी खेती पर एनएचएआइ द्वारा बुलडोजर चलवा दिया गया है। ओरमांझी के उकरीद निवासी युवा किसान अजय कुमार महतो लीज में जमीन लेकर खेती करता था। बताया गया कि भारत माला सड़क मार्ग परियोजना के लिए उक्त भूमि का एनएचएआई द्वारा अधिग्रहण किया गया है। जिसकी जानकारी होने पर किसान द्वारा सीओ विजय केरकेट्टा से भूमि में निर्माण कार्य शुरू कराने से पहले खेत में तैयार फसल (कोहड़ा) बिक्री करने तक कुछ समय देने की मांग की गई थी। बावजूद एनएचएआई द्वारा तैयार फसल बर्बाद कर दिया गया। किसान द्वारा इसकी सीओ से लिखित शिकायत करते हुए फसल की हुई नुकसान का मुआवजा की मांग की गई है। वहीं इस एनएचएआइ के अधिकारियों द्वारा की गई इस कार्रवायी से क्षेत्र के भारत माला परियोजना से प्रभावित अन्य किसानों में भी नाराजगी है। वहीं सीओ विजय केरकेट्टा ने भी कहा है फसल तैयार था उसे बिक्री करने का समय मिलना चाहिए।

# जंगली हाथियों ने बारेंदा और तेतला गांव में मचाया उत्पात

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सोनाहातू।** प्रखंड के बारेंदा गांव और तेतला गांव में 20 की संख्या में हाथियों के झुंड ने गुरुवार रात को जम कर उत्पात मचाया है। किसानों के धान ओर मकई फसल को काफी नुकसान किया है। इस दौरान हाथियों ने बारेंदा गांव के धान व्यापारी के धान गोदाम का दरवाजे और शटर को तोड़ को 10 क्विंटल से अधिक धान को खाया को नुकसान किया है। किसान बसंती देवी एलक्ष्मीकांत साहूएकपूर देवीएके खेत मे लगे धान को रौंद दिया है। धान व्यापारी बलिराज मछुआ धान गोदाम को क्षति पहुंचा कर धान को खाया है। शुक्रवार सुबह हाथी मित्र तापस कर्मकार ने गांव में किसानों के मुआवजा के लिये फॉर्म भराये। इधर तेतला गांव के किसान कांतो कोइरी एअंगद कोइरीएबलिराम कोईरी, हरिहर कोइरी के मकई ओर धान को नुकसान किया है। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार सुबह बारेंदा पहाड़ी में 20 तथा तेतला टुंगरी में 15 से 20 की संख्या में हाथियों का झुंड पहुँच चुका है। सोनाहातू पूर्वी में कुल 35 से 40 की संख्या में हाथियों का झुंड बिचरन कर रहे है। ऐसे स्थिति में किसानों के फसल काफी मात्रा में नुकसान होने का अनुमान है।

## सिल्ली : रक्षाबंधन को लेकर सजने लगीं राखी की दुकानें

**सिल्ली।** भाई बहनों के अटूट संबंधों का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व के लिए बाजार में राखियों की दुकानें सज चुकी हैं। ज्योतिषियों के अनुसार इस बार रक्षाबंधन 31 अगस्त को है। रंग.बिरंगी राखियों से बाजार गुलजार होने लगा है। वहीं राखियों की खरीदारी तेज हो गई है। दुकानदार संतोष कुमार एवं संजीता ने बताया कि दुकान में पांच रुपये से लेकर 200 रुपए तक की राखी उपलब्ध है। मांग के अनुसार विशेष राखियां भी उपलब्ध कराई जा रही है। बच्चों के लिए छोटा भीमए लाइट जलने वाली घड़ीनुमा राखियां समेत कई तरह की राखियां उपलब्ध हैंए वहीं बड़ों के लिए रेशमी डोरी वालीए डायमंड फैशनेबल राखियां ज्यादा पसंद की जा रही है। बाजार में राखी के साथ अक्षत और लाल टीका भी पैकेट में मिल रहा है।

# विरोध प्रदर्शन के बीच हुई पर्यावरणीय लोक सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पिपरवार में पर्यावरणीय लोक सुनवाई कार्यक्रम का विरोध करते लोग।

**पिपरवार।** सीसीएल की अति महत्वाकांक्षी पिपरवार भुमिगत खदान परियोजना के संचालन हेतु आवश्यक पर्यावरण संबंधित क्लियरेंस एवं अनापत्ति के लिए बुलाई गई पर्यावरणीय लोक सुनवाई का कार्यक्रम स्थानीय ग्रामीणोंए जनप्रतिनिधियों एवं रैयतों के भारी विरोध के बीच संपन्न हुई। जनसुनवाई कार्यक्रम की अध्यक्षता सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास एवं संचालन टंडवा अंचलाधिकारी विजय दास ने किया। राज्य प्रदुषण एवं नियंत्रण बोर्ड की ओर से आयोजित इस सुनवाई कार्यक्रम में बोर्ड की ओर से क्षेत्रीय पदाधिकारी अशोक कुमार यादव एआशुतोष साव एवं जनसंपर्क अधिकारी फुलेश्वर कुमार ने भाग लिया। कार्यक्रम शुरू होने के पहले ही हजारों की संख्या में स्थानीय ग्रामीणों एवं रैयतों ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर नारों के साथ कार्यक्रम का विरोध करते हुए इसे स्थगित करने की मांग करने लगे। कार्यक्रम में चतरा उपायुक्त द्वारा नामित प्रतिनिधि के रूप में मंच पर मौजूद अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास ने लोगों को अपनी बात रखने के लिए राजी किया। तब जाकर कार्यक्रम शुरू हो सका। इस परियोजना का विरोध कर रहे लोगों द्वारा सीसीएल प्रबंधनए जिला प्रशासन एवं प्रदुषण बोर्ड के अधिकारियों के समक्ष जिन मुद्दों पर जोर दिया गया। उसमें मुख्य रूप से विस्थापितों के पुनर्वास के साथ उनको मौलिक सुविधाएं उपलब्ध करानाए लंबित मुआवजा का भुगतान, भुमिगत खदान के कारण भुगर्भ जलस्तर का गिरना सहित अन्य मुद्दे शामिल थे।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर सीसीएल प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक सीबी सहायए अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, कार्मिक विभाग के सभी पदाधिकारी, पर्यावरण विभाग के प्रमुख संजय कुमार अशोका खान प्रबंधक एसके सिंह, सुरक्षा पदाधिकारी अरुण कुमार महतो, प्रशासन की ओर से अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास, अंचलाधिकारी टंडवा विजय दास, पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार के साथ सीआईएसएफ के अधिकारी मौजूद थे।

# पिकअप योद्धा की चोरी, आरोपी को जेल

## सिमलिया हाजी चौक स्थित रिलायबल मोटर्स का मामला

- धुर्वा का है अभीष्ट आनंद
- गुरुवार शाम की है घटना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** पुलिस ने धुर्वा सेक्टर-4, क्वार्टर नंबर 205 निवासी संजीव कुमार के पुत्र अभीष्ट आनंद को गिरफ्तार कर तड़के जेल भेज दिया। उस पर 24 अगस्त की शाम करीब 4 बजे थाना क्षेत्र के सिमलिया हाजी चौक स्थित टाटा मोटर कामर्शियल शोरूम, रिलायबल मोटर्स से पिकअप योद्धा की चोरी कर फरार हो जाने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक अभीष्ट आनंद अपने एक सहयोगी के साथ शोरूम आया। सेल्स मैन विशाल से गाड़ियों की जानकारी ली और योद्धा पिकअप पसंद किया। उसने गाड़ी की डिलीवरी तुरंत किये जाने की बात कही। शोरूम कर्मियों ने प्रोसेस के लिये दस्तावेज मांगी और एचडीएफसी बैंक भेजा।

### बगैर गेट पास के निकाली गाड़ी

बैंक से कन्फर्मेशन मिलने के बाद उसने एक कर्मी के एकाउंट में 1 लाख और 50 हजार रुपये शेयर किया। इसके बाद लोग डिलीवरी की प्लानिंग कर ही रहे थे कि उसने बगैर गेट पास के ही गाड़ी लेकर रफू .चक्कर हो गया था। मामले को लेकर सेल्स मैनेजर विशाल की ओर से रातू थाने में भादवि की धारा 406, 420 और 379 के तहत कांड संख्या 344/23 दर्ज करायी गयी थी। वह रामगढ़ जिले के आर्यानगर पतरातू चौक के रहने वाले हैं।

## राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में सूरज जायसवाल को मिला स्वर्ण

**सिकिदिरी।** लोहरदगा जिला तैराकी संघ के द्वारा आयोजित राज्यस्तृय लंबी दूरी तैराकी प्रतियोगिता में जनकल्याण समर्पण संस्थान के खिलाड़ियों ने कुल छह स्पधाओं में पदक जीते। 3प0 मीटर ट्यूब रेस में सूरज जायसवाल ने स्वर्ण पदकए अमन जायसवाल ने 300 मीटर फ्री स्टाइल में रजतए 100 मीटर बटर फ्लाई में रजतए100 मीटर बैक स्ट्रोक में कांस्यए 50 मीटर आईएम स्ट्रोक में कांस्य सहित कुल पांच पदक जीते। वाटर पोलो में संस्थान की टीम तीसरे स्थान पर रहते हुए में कांस्य पदक जीता। वाटर पोलो टीम के कप्तान अमन जायसवाल उपकप्तान रोहित क्षेत्रीए राजेश मुंडाए प्रकाश गंझुए अमर गंझुए सौरव कुमारए गोपाल बेदियाए जगदीश बेदियाए राजू बेदियाए अक्षय रजवारए मुकेश बेदिया ने अच्छा खेल दिखाते हुए कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। सभी खिलाड़ियों को राज्य सभा सांसद धीरज साहूए लोहरदगा उपायुक्त डॉ बाघमारे कृष्णाए एसपी आर रामकुमार ने ट्रॉफीए पदकए सर्टिफिकेट एवं नगद राशि देकर पुरुस्कृत किया।

## एक नजर में

### बाउंड्री निर्माण रोकने के लिए बीडीओ को ज्ञापन



**खलारी।** महाबीर नगर के महुआ धौड़ा में सार्वजनिक मैदान को गलत तरीके से बाउंडरी कर कब्जा करने के संबध में खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी लेख राज नाग को ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन। लिखित ज्ञापन के अनुसार सार्वजनिक मैदान को डिएमएफटी फंड से बाउंडरी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है जिस जगह मैदान है उक्त जगह से भारी वाहनों का आना जाना लगा रहता है। उसके कुछ दूरी पर सप्ताहिक बाजार भी लगता है। उक्त जगह बाउंड्री निर्माण होने पर भारी दुर्घटना हो सकती है। मौके पर आजाद आलम, सरताज अंसारी, रामकिशोर प्रजापति, बसंत यादव, अनीस अंसारी, शशि कुमार, विजय यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### एसएसबी जवानों ने लगाया चिकित्सा शिविर



**राहे।** एसएसबी 26 वी बटालियन के कमान्डेंट एसडी शेरखाने के निर्देशानुसार सेवा सुरक्षा बंधुत्व के उद्देश्य को लेकर बटालियन के ए कंपनी के इंस्पेक्टर मंटू कुमार के नेतृत्व में जवानों के द्वारा सताकी पंचायत के हल्दीबेड़ा गांव में नागरिक जन कल्याण कार्यक्रम के तहत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। कमांडेंट चिकित्सा एएफ खान के लोगों का स्वास्थ्य जांच कर जरूरमंद 40 लोगों को निशुल्क दवाई दी गयी। मौके पर सहायक उपनिरीक्षक हरदीप सिंह मुख्य आरक्षी जगन्नाथ रावत सहित एसएसबी के जवान मौजूद थे।

### एक साल से चापाकल खराब, ग्रामीण परेशान

**सिल्ली।** गोडाडीह पंचायत के दोसिमा गांव में जनक सिंह महतो के घर के समीप एक साल से चापाकल खराब रहने के कारण वहां के लोगों के बीच पेयजल की भारी किल्लत है । गर्मी के मौसम मे टोले के लोग नदी मे चुँवा खोदकर अपनी प्यास बुझा लेते थे लेकिन बरसात होने के कारण नदियों मे गंदे पानी बहता है और उसी गंदे पानी को पीने को मजबूर हैं। स्थानीय ग्रामीण कार्तिक चंद्र महतो ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रखंड प्रशासन को इसकी जानकारी देकर चापाकल मरम्मत की मांग की गयी।

# खलारी : दादी प्रकाश मणि का पुण्यस्मृति दिवस मना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला डकरा सुभाष नगर में शुक्रवार को ब्रह्माकुमारीज की द्वितीय मुख्य प्रशासिका राज योगिनी दादी प्रकाशमणिजी की 16वीं पुण्य स्मृति दिवस विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर गीता पाठशाला से जुड़े सभी भाई.बहनों ने कैंडल लाईट करते हुए दादी जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। वही बीके प्रीति बहन ने 16वीं पुण्य स्मृति दिवस को खास बताते हुए कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व प्रमुख दादी प्रकाशमणि की स्मृति में एक डाक टिकट जारी किया। यह डाक टिकट दादी प्रकाश मणि की 16वीं मिनिस्टर डाक विभाग की ष्माई स्टैम्पश पहली बार जारी की गई है। उन्होंने दादी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दादी प्रकाश मणि ने आध्यात्म के माध्यम से भारतीय साहित्य और संस्कृति को भारत और दार्शनिक भाषा में प्रकाशित किया। उनके नेतृत्व में ब्रह्माकुमारी विश्व में महिलाओं के नेतृत्व वाली सबसे बड़ी आध्यात्मिक संस्था बनी। कहा कि हमारी परम आदरणीय दादी प्रकाशमणिजी की जिन्होंने भी पालना ली है उन सबके सामने दादी जी की वह मुस्कुराती हुई निश्चल मूर्ति सदा ही स्मृति पटल पर घूमती रहती है। दादी जी दुआओं के भंडार की मालिक थी द्य सदा यज्ञ स्नेही और यज्ञ रक्षक रहीं । इस दिन हम सभी दादी की विशेषताओं को आत्मसात करने के लिए विशेष अव्यक्त स्थिति का अनुभव करने का लक्ष्य रखते हैं । कार्यक्रम की शुरूआत मुरली से हुई। और अंत मे सभी भाई.बहनों को ब्रह्मा भोजन कराया गया। मालूम हो कि डकरा सुभाष नगर में ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला गुमला शाखा के नेतृत्व में विगत 8 वर्षों से संचालित किया जा रहा है।

### सिल्ली में पेंशनर समाज की बैठक



बैठक में उपस्थित पेंशनर समाज के सदस्य।

**सिल्ली।** पेंशनर समाज की बैठक प्रखंड परिसर स्थित कार्यालय में शुक्रवार को हुई। अध्यक्षता समल महतो ने किया। बैठक में पेंशनर समाज के संगठन में नए पेंशनरों को शामिल करनेए वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा करने एवं आगामी पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर अस्सी वर्ष की आयु पूरी कर चुके सदस्य को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर पेंशनर समाज के राष्ट्रीय सचिव महेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रकांत सिंह, राजेंद्र प्रसाद महतो, रघुनाथ महतो, नागेंद्र नाथ महतो, हरिपद महतो, कृष्ण कुमार महतो, फुलमनी महतो, शुभोबाला महतो, पानो देवी, रतन कुमार महतो एवं कैलाश चंद्र महतो आदि मौजूद थे।

# डुमरी में तैलिक समाज के हितैषी प्रत्याशी को समर्थन : महतो

- झारखंड तैलिक साहू सभा में 15 जिला अध्यक्षों की घोषणा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** झारखंड तैलिक साहू सभा की ओर से करम टोली स्थित प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता आयोजित किया गया। इसमें संरक्षक विजय साहु, दीपक कुमार, प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो, प्रधान महासचिव मदन साहु, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप साहु, रांची जिलाध्यक्ष कुमार रौशन साहु, युवा प्रदेश महासचिव राजकिशोर साहु, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी मदन प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष साहु, प्रदेश सचिव संतोष नायक ने संबोधित किया। विजय साहु ने सभा के इतिहास की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय तैलिक साहु महासभा का गठन 1912 में हुआ था। वर्तमान में इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त छिरसागर हैं। झारखंड में चुनाव के बाद पहले निर्वाचित अध्यक्ष मुकेश कश्यप थे। वर्तमान अध्यक्ष महेश महतो हैं। श्री साहू ने 15 जिले के जिलाध्यक्षों की घोषणा की और मनोनयन पत्र भी बांटे। प्रदेश अध्यक्ष श्री महतो ने डुमरी उप चुनाव में समाज के हितैषी प्रत्याशी को समर्थन का ऐलान किया। युवा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप साहु ने राज्य के 40 लाख तेली आबादी को सत्ता में राजनीतिक भागीदारी की वकालत की। जिलाध्यक्ष रौशन ने तेली घानी बोर्ड गठन और 27 प्रतिशत आरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने समाज के अग्रणी व्यवसायियों की लगातार हो रही हत्या पर आक्रोश जताया। मौके पर विभिन्न जिले के पदधारी मौजूद थे।

### 1912 में सभा का हुआ है गठन, राज्य में 40 लाख तेली समुदाय




झारखंड तैलिक साहू सभा में नियुक्ति पत्र के साथ जिलाध्यक्ष।

### डुमरी में होगी एनडीए की जीत : रवींद्र

**बेरमो।** सांसद रविंद्र कुमार पांडे ने शुक्रवार को कहा कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव में एनडीए की जीत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा और आजसू मे तालमेल नही होने से डुमरी विधानसभा से दोनो की हार हो गई थी।

